हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .7 डिग्री

नीति आयोग की टीम ने किया एमडीयू का दौरा ... 11



सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला और संगीत ... 12



## खबर संक्षेप

### मदविः सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमएससी गणित पंचवर्षीय के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की फुल, पीएचडी कोर्स वर्क भूगोल के प्रथम सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### एडमिशन के लिए ओपन काउंसलिंग आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में 28 अगस्त को एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम में हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी की एक रिक्त सीट पर एडमिशन के लिए ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी प्रातः 9 बजे विभाग के कार्यालय में रिपोर्ट करें।

### महिला से बाली और कंठी ठगी

**सांपला।** बस स्टैंड के पास एक महिला से दो युवक सोने के आभूषण ठग ले गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। हालांकि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों का पता लगा रही है। पुलिस ने गढ़ी सांपला निवासी सुनिता के बयान पर केस दर्ज किया है। शिकायत में सुनिता निवासी गढ़ी सांपला ने बताया कि वह किराये पर रहती है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि चुलियाणा मोड़ के पास गांव गांधरा की तरफ से आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विकास उर्फ विक्की निवासी चुलियाणा के रुप में हुई। युवक के पास से 1 देसी पिस्तौल, 1 रौंद व 1 खोल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### 25 हजार की ठगी के मामले में आरोपी धरा

**रोहतक।** पुलिस ने 25 हजार रुपये की ठगी की वारदात में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। बहु अकबरपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को गद्दी खेडी निवासी प्रेम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 25 फरवरी को प्रेम के पास कॉस आया था।

---

### सफाई अभियान को लगा ग्रहण, जगह-जगह गंदगी और कूड़े के ढेर लगे

# 600 सफाई कर्मचारियों के भरोसे कैसे चलेगा शहर में स्वच्छता अभियान!

## सरकार से मांगे थे अतिरिक्त 6 सौ कर्मचारी, अनुमति मिली 150 की

- मेयर वाल्मीकि ने सभी पार्षदों के साथ की मीटिंग
- बोले–जनभागीदारी से वार्डों में चलाया जाएगा विशेष सफाई अभियान, स्वच्छता वार्ड की करवाई जाएगी प्रतियोगिता
- शनिवार को होगी एनजीओ, होटल, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के मीटिंग

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** सभी पार्षदों के साथ मेयर रामअवतार वाल्मीकि सफाई अभियान को लेकर मीटिंग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इन दिनों शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। जिसके बाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। रोजाना अधिकारियों की मीटिंग हो रही हैं। हर वार्ड में सफाई अभियान चलाने के लिए दावें किए जा रहे हैं। ऐसे में निगम के सफाई कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। लेकिन अधिकारी यह नहीं बता पा रहे हैं कि मात्र 6 सौ कर्मचारियों के भरोसे पूरे शहर में सफाई अभियान कैसे चलाए जाएंगे। निगम की तरफ से भी राज्य सरकार से रोहतक के लिए 6 सौ अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की गई थी। अब सूत्रों का कहना है कि केवल 150 कर्मचारी देने की बात सामने आई है। इन हालात में सफाई अभियानों को कैसे सफल बनाया जा सकता है। हालांकि अभी लिखित जवाब आने का इंतजार है। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने सभी पार्षदों के साथ मीटिंग की। जिसमें सफाई अभियान को जोरशोर से चलाने के लिए एकजुट रहने के लिए कहा गया है। इस दौरान पार्षदों ने भी कहा कि उनके वार्डों में नाम मात्र के सफाई कर्मचारी हैं, जो रोजाना की सामान्य सफाई भी पूरी नहीं कर पा रहे, ऐसे में वह सफाई अभियान कैसे चला जाएंगे। इसलिए उनके वार्डों में कर्मचारियों की संख्या बढ़नी चाहिए। इस दौरान जवाब मिला कि मुख्यालय से 6 सौ अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की गई थी जिसमें से केवल 150 ही मिलने की उम्मीद है।

### कम से कम 15 सौ कर्मियों की जरूरत

हम कई साल से नगर निगम आयुक्तों सहित राज्य सरकार के सामने मांगें उठा रहे हैं। रोहतक में करीब 6 सौ कर्मचारी सफाई कार्य में लगे हुए हैं। इनके कंधों पर 22 वार्डों की सफाई का जिम्मा है। आबादी के मुताबिक कर्मचारी बहुत कम हैं। सरकार को कम से कम रोहतक के लिए 15 सौ कर्मचारियों की व्यवस्था करनी होगी, तब जाकर सही ढंग से सफाई कार्य हो सकता है। अब इन कर्मचारियों से दोगुणा कार्य करवाया जा रहा है।
**-संजय बिढ़लान**, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका संघ

### एनजीओ, आरडब्ल्यूए के सहयोग से चलाएंगे सफाई अभियान

नगर निगम मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत बुधवार को विशेष बैठक की। इसमें सभी वार्ड पार्षदों को बुलाया गया। उनसे अभियान को सफल बनाने व सफाई कार्य में सहयोग के लिए एकजुट होने के लिए कहा गया। सभी वार्ड सदस्यों को बैठक के दौरान बताया गया कि वे अपने-अपने वार्डों में मार्केट, रेहड़ी/फड़ी, होटल/रेस्टोरेंट, सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संस्थाएं, एनजीओ, आरडब्लूए, शिक्षण संस्थान, डेयरी, चारा काटने, औद्योगिक एसोसिएशन को चिन्हित कर 29 अगस्त को जिला विकास भवन के भू-तल बैठक हॉल में होने वाली बैठक के लिए आमंत्रित करेंगे। ताकि सभी की भागीदारी के साथ शहर को स्वच्छ बनाया जा सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

---

### घर-घर बिराजे गणपति बप्पा...



**रोहतक।** रॉयल यूथ क्लब द्वारा वैश्य धर्मशाला केवलगंज बाबरा मोहल्ला में महा गणपति महोत्सव में पूजा-अर्चना करते पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व अन्य।
(विस्तृत खबर पेज 12 पर )

## बाइक सवार युवकों को अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिले में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ सीआईए 2 स्टाफ टीम ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सीआईए 2 स्टाफ की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग वारदात को अंजाम देने के लिए खेड़ी साध से बलियाणा मोड़ की तरफ पुल के पास घूम रहे हैं। सीआईए टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बाइक सवार युवकों पर संदेह होने के बाद पूछताछ की। साथ ही तलाशी लेने पर अवैध हथियार भी बरामद हुए। सीआईए 2 स्टाफ टीम ने एक ही बाइक पर सवार चारों आरोपियों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 5 देसी पिस्तौल बरामद हुई। साथ ही आरोपियों के पास 25 रौंद भी मिले, जिनके बारे में आरोपी कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

---



**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय खेल गतिविधियों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### राजीव गांधी खेल परिसर में 29 से 31 तक खेल गतिविधियां

## आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में 29 से 31 अगस्त तक जिला में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय खेल गतिविधियों हेतु सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें। जिला में 29 से 31 अगस्त तक स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में लडक़े व लड़कियों के लिए सायं साढे 3 बजे हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, साइकलिंग, हेंडबॉल एवं वॉलीबॉल की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएगी। इन खेल गतिविधियों का लाइव टेलीकास्ट करवाया जाएगा। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय खेल गतिविधियों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने खेल अधिकारी से जिला में स्थित खेल स्टेडियम, खेल नर्सरियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

---

### निगम के स्वच्छता अधिकारी प्रदीप ने कहा

## दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कचरे के लिए रखें डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने शहर के दुकानदारों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को आह्वान किया है कि वे अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबिन रखवाएं। नगर निगम द्वारा खुले में कचरा डालने वाले दुकानदारों व प्रतिष्ठान संचालकों का चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत वे स्वयं प्रतिदिन सुबह 5 से 8 बजे तक शहर में स्वच्छता का निरीक्षण कर रहे है। प्रदीप कौशिक स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में सफाई कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 11 सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है, जो 7 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा।



**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक।

---

## क्लोरीन गैस लीक, धान की फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला






**सांपला।** खराब हुई फसल एवं सिलेंडर दिखाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

खंड के गांव गिझी के जल घर में लगा क्लोरीन गैस सिलेंडर लीक हो गया। जिसकी वजह से आधा दर्जन किसानों की धान की फसल प्रभावित हो गई। ग्रामीणों ने बताया घटना में उन्हें काफी नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई जिला प्रशासन को करनी चाहिए। जलघरों में पानी की शुद्धि करण के लिए क्लोरीन गैस का प्रयोग होता है। सिलेंडर से गैस लीक हो गई। उस समय कर्मचारी मोहित और बंटी ड्यूटी पर थे। कर्मचारियों ने सिलेंडर को जल घर के टैंक में डाल दिया। हवा चलने से जहां से गैस फैली वहीं से फसल झुलस गई। किसान सुनील कुमार, देवेंद्र ,महाबीर सिंह, अनूप, पूर्ण की धान की फसल काली पड़ गई। किसानों ने बताया बाली आने का समय आया था। गैस से फसल में नुकसान हो गया। किसानों ने बताया कि प्रशासन से आर्थिक सहायता करने की मांग करेंगे।

---



---

### सबसे ज्यादा महम में 632 और रोहतक ब्लॉक में 614 मिलीमीटर

# 4 साल में सबसे ज्यादा बारिश हो चुकी इस बार गत वर्ष की अपेक्षा 2 गुना से भी ज्यादा पानी गिरा

**पिछले साल पूरे मानसून में हुई थी 265 एमएम बारिश**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

बुधवार को रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में बरसात नहीं हुई। इससे किसानों को काफी राहत मिली। क्योंकि कई दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश ने फसलों के हालात काफी विकट बना दिए थे। जलभराव से फसलों पर खतरा मंडराने लगा था। जिला राजस्व विभाग के डाटा मुताबिक गत एक जून से 26 अगस्त तक रोहतक में एवरेज 540.5 एमएम बरसात चुकी है। जबकि इस अवधि में साल 2024 में 265.4 मिलीमीटर बरसात हुई थी। यानी के पिछले साल की तुलना में दोगुना से ज्यादा बरसात हो चुकी है। जबकि अभी मानसून का तकरीबन-तकरीबन एक महीना शेष है। वर्ष 2023 में 273.8 और 2022 में औसत 334.1 मिलीमीटर दर्ज की गई थी। इस बार सामान्य से 45 प्रतिशत ज्यादा बारिश होने की वजह से अगेती रोपी गई धान पर खतरा मंडरा रहा है। क्योंकि अगेती किस्में इस समय बाली की अवस्था में हैं।



महम उपमंडल में सबसे ज्यादा बरसात होने पर समंद्र बने खेत। फोटो : हरिभूमि

### लाखनमाजरा में फिर कम बर्षा

चालू सीजन में महम खंड में अभी तक सबसे ज्यादा 632 एमएम बरसात दर्ज की जा चुकी है। इसके बाद दूसरा नंबर रोहतक ब्लॉक का आता है। यहां 614, कलानौर में 546 और लाखनमाजरा में 253 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिले में सबसे कम बरसात लाखनमाजरा खंड में कई साल से हो रही है। बावजूद इसके यहां खेती पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ता है। क्योंकि लोगों के पास सिंचाई के अच्छे संसाधन हैं। इसके अलावा यहां के जमीनी का पानी का स्तर काफी ऊंचा है। 8-10 दिन के अंतराल में 30-40 एमएम बरसात हो जाए तो धान का बेड़ा पार हो जाता है। साल 2024 में लाखनमाजरा खंड में मात्र 255 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जबकि रोहतक ब्लॉक में 465 मिलीमीटर है। यानी रोहतक में लाखनमाजरा से लगभग-लगभग दोगुना ज्यादा पानी गिरा। इसी प्रकार महम में 403, सांपला में 410 और कलानौर खंड में 502 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। साल 2023 में लाखनमाजरा में 470, कलानौर में 330, सांपला में 439, महम में 360 और रोहतक ब्लॉक में 514 एमएम बारिश हुई। 2022 में भी लाखनमाजरा में 576, महम में 588.6, सांपला में 580, कलानौर में 657 और रोहतक में 677 एमएम दर्ज की गई थी।

### ब्लॉक वाइज बरसात एमएम में

| महीना | रोहतक | महम | सांपला | कलानौर | लाखनमाजरा |
|---|---|---|---|---|---|
| **साल 2022** | | | | | |
| जून | 16 | 8.5 | 22 | 10 | 56 |
| जुलाई | 299.5 | 168.5 | 293 | 376.5 | 227 |
| अगस्त | 22.5 | 26 | 43 | 32 | 70 |
| **साल 2023** | | | | | |
| जून | 115 | 34 | 110 | 54 | 12 |
| जुलाई | 172 | 173 | 166 | 152 | 296 |
| अगस्त | 28 | 22 | 15 | 15 | 05 |
| **साल 2024** | | | | | |
| जून | 59 | 10 | 61 | 11 | 03 |
| जुलाई | 40 | 50 | 30 | 99 | 28 |
| अगस्त | 188 | 207 | 191 | 236 | 114 |
| **वर्ष 2025** | | | | | |
| जून | 51 | 75 | 36 | 78 | 22 |
| जुलाई | 321 | 420 | 198 | 341 | 141 |
| 26 अगस्त तक | 242 | 137 | 167 | 127 | 90 |

*डाटा जिला राजस्व विभाग से लिया गया है।*

### किसान चिंतित

इस अवस्था लगातार बरसात होने का असर फसल की पैदावार पर पड़ता है। धान के अलावा कपास और बाजरा के किसान भी बरसात को लेकर काफी चिंतित दिखाई दे रहे हैं। बाजरा में बाली आ चुकी हैं। जबकि कपास ठिंडा की स्थिति में है।

# नीति आयोग की टीम ने किया एमडीयू का दौरा, उद्यमिता के प्रयासों को सराहा

■ नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीति आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का दौरा किया। यह दौरा स्टेट यूनिवर्सिटीज में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता विषय पर राष्ट्रीय अध्ययन के अंतर्गत आयोजित किया गया। नीति आयोग की टीम में प्रतिभा, निखिल और भिवाल शामिल रहे, जिन्होंने एमडीयू के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, स्टार्टअप संस्थापकों, उद्योग प्रतिनिधियों तथा विभिन्न हितधारकों से गहन संवाद किया।



रोहतक। नीति आयोग की टीम को स्मृति चिन्ह देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक व कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक तथा कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कुलपति कार्यालय में नीति आयोग की टीम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय सदैव अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां का हर छात्र केवल नौकरी तलाशने वाला न होकर समाज को रोजगार देने वाला उद्यमी भी बने। टीम ने शोध एवं नवाचार में सक्रिय स्नातक, परास्नातक, डॉक्टरेट एवं पोस्ट-डॉक्टरेट स्तर के छात्रों के साथ संवाद किया। साथ ही, विश्वविद्यालय के 20 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों, संकाय सदस्यों, पूर्व छात्रों, इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स, जिला अधिकारियों, उद्यमियों, एमएसएमई प्रतिनिधियों, निवेशकों एवं मेंटर्स से भी अलग-अलग सत्रों में विचार-विमर्श किया गया। संवाद के दौरान टीम ने प्रश्नावली एवं व्यक्तिगत चर्चाओं के माध्यम से मूल्यवान जानकारी एकत्र की, जिसे एनआईटीआई आयोग के साथ साझा कर विश्वविद्यालयों में नवाचार और उद्यमिता को सुदृढ़ करने हेतु नीति-निर्माण में उपयोग किया जाएगा। यह दौरा एमडीयू के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि को अनुसंधान-आधारित नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से साकार करने की दिशा में विश्वविद्यालय की भूमिका को और सुदृढ़ करता है।

### बोले कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि नीति आयोग का यह अध्ययन न केवल एमडीयू की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करेगा बल्कि अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। विश्वविद्यालय ने स्टार्टअप नीति और नवाचार-अनुकूल वातावरण के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने के लिए सशक्त किया है, ऐसा कुलपति का कहना था।

### डीन ने नीति आयोग की टीम का स्वागत किया

डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक तथा कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने भी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि कुलपति के कुशल नेतृत्व में एमडीयू लगातार ऐसे प्रयास कर रहा है कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहकर व्यावहारिक जीवन में उपयोगी साबित हो। उन्होंने कहा कि नीति आयोग का यह दौरा हमारे प्रयासों को और ऊर्जा देगा तथा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को देशभर तक पहुंचाने में सहायक होगा।

### स्टार्टअप पॉलिसी और समावेशी पहलों को सराहा

नीति आयोग टीम की प्रमुख प्रतिभा ने एमडीयू की स्टार्टअप पॉलिसी और समावेशी पहलों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से एमडीयू में इनक्यूबेटेड राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित स्टार्टअप डैफेटेरिया-द इनक्लूसिव फूड ट्रक की प्रशंसा की, जो दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। साथ ही आइसक्रीम वेंचर की भी सराहना की। नीति आयोग की टीम के इस दौरे का समन्वयन प्रो. सोनिया, निदेशक-सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, प्रो. आशीष दहिया, अतिरिक्त निदेशक, प्रो. सीमा सिंह, उपनिदेशक, डॉ. दीपक छाबड़ा, प्रो. हरीश दुरेजा, डीन (आरएंडडी), प्रो. संतोष तिवारी, अतिरिक्त डीन (इंटर्नशिप) तथा प्रो. बी. नरसिम्हन, निदेशक (आईक्यूएसी) ने किया।

## खबर संक्षेप

### 4 सितम्बर को होने वाले विरोध प्रदर्शन की तैयारी

रोहतक। बिजली निगम के कर्मचारियों ने 4 सितंबर 2025 को मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन की तैयारी को लेकर मीटिंग की। जिसकी अध्यक्षता रोहतक सर्कल के सचिव विकास दहिया ने की। मीटिंग ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के 23 अगस्त के निर्देश पर हुई। राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 सितंबर को रोहतक सहित पंचकूला, दिल्ली, हिसार में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### गांव में बाढ़ जैसे हालात एसडीएम ने किया दौरा

सांपला। इलाके में हुई लगातार बारिश से कई गांव में हालात खराब हो गए हैं। बारिश से फसलें डूब गई वहीं बाहरी बस्तियों में पानी भर गया। इसी को लेकर बुधवार को एसडीएम उत्सव आनंद ने गांवों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेतों और रिहायशी इलाकों से जल्द से जल्द निकासी की जाए। एसडीएम ने गांव समचाना, कसरेटी, अटायल का दौरा किया। उन्होंने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पंप लगा कर ड्रेन में पानी निकासी की व्यवस्था करें। जहां भी पानी की। गंभीर स्थिति है वहां पर अतिरिक्त पंप लगा कर पानी की निकासी करें।

### विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से करें साक्षर : सचिन गुप्ता

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कालेजों व आईटीआई के प्राचार्यों को निर्देश दिए है कि वे विद्यार्थियों को उनके परंपरागत पाठ्यक्रमों के साथ-साथ डिजिटल रूप से भी साक्षर करने का काम करें। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला के कालेजों और आईटीआई के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल रूप से साक्षर होने के उपरांत विद्यार्थी डिजिटल दुनिया को सुरक्षित और सशक्त तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। सचिन गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से साक्षर करने के साथ-साथ वित्तीय रूप से भी साक्षर करना होगा।सचिन गुप्ता ने कहा कि कालेज केवल शैक्षणिक डिग्री देने का माध्यम न बनाकर विद्यार्थियों को रोजगार देने व उन्हें सशक्त बनाने का प्लेटफॉर्म बने।

## महम: बाहरी बस्तियों, स्कूलों और जलघरों में घुसा पानी

# लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के कई गांवों के तालाब ओवरफ्लो, फसलें हुई लबालब

■ खरकड़ा गांव में जलघर में घुसा बरसात का पानी

■ वाटर टैंक और तालाब का जलस्तर हुआ बराबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

बारिश की वजह से महम क्षेत्र के कई गांवों में तालाब ऑवर फ्लो हो गए हैं और फसलें पानी से लबालब हो गई हैं। बाहरी बस्तियों में भी पानी भर गया है। कुछ गांवों के तो जलघरों व सरकारी स्कूलों में भी बरसाती पानी घुस गया। खरकड़ा गांव में तालाब ऑवर फ्लो हो गया है और तालाब का पानी जलघर में घुस गया है। भैणीसुरजन के सरकारी स्कूल में पानी भर गया। महम शहर में फरमाणा चुंगी के पास तालाब ऑवर फ्लो हो जाने से सड़कों पर पानी जमा हो गया है। निंदाना गांव के खेतों में जल स्तर बढ़ गया है। खरकड़ा गांव निवासी जोगेंद्र व देशराज ने बताया कि खरकड़ा गांव में तालाब ऑवर फ्लो हो गया है। जिस वजह से तालाब का पानी जलघर में घुस गया है। जलघर के पंप हाऊस में भी पानी खड़ा है।



महम। खरकड़ा में दीवार टूटने के बाद जलघर में घुसा बरसाती पानी।



महम। जलघर खरकड़ा के पंप हाऊस में भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### मौका मुआयना करें अधिकारी: ग्रामीण

निंदाना गांव के रकबे में सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। कई जगह तो खेतों में चार से पांच फुट ऊंचाई तक पानी जमा हो गया है। किसानों ने सरकार व प्रशासन से खेतों से पानी की निकासी करने और फसलों का मुआवजा देने की मांग की है। निंदाना गांव के किसान सुरेंद्र पुत्र रामकिशन ने बताया कि करीब 700 एकड़ एरिया में पानी ज्यादा मात्रा में खड़ा है। हालात यह हैं कि धान की यह फसल तो बर्बाद हो ही गई, जबकि गेहूं की फसल की बिजाई भी होनी भी मुश्किल है। यदि समय पर पानी निकासी हो गई तो गेहूं की बिजाई हो पाएगी, वरना वह भी संभव नहीं है। किसान जोगिंद्र सिंह, मंजीत, रमेश कुमार, कप्तान, संजय और राकेश ने बताया कि निंदाना गांव केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का पैतृक गांव है। बावजूद यहां पर बरसाती पानी निकासी के स्थाई समाधान नहीं किए जा सके हैं।



महम। पेयजल समस्या के लिए जलघर में एकजुट खरकडा के ग्रामीण।

तालाब का पानी जलघर के वाटर टैंक में पहुंच गया है। वाटर वर्कस ग्राउंड में भी पानी ही पानी नजर आ रहा है। गांव में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। जलघर में तालाब और जलघर का स्तर हुआ समान। गांव में पीने के पानी का संकट बना हुआ है। ग्रामीण जलघर में इकट्ठे हुए और समस्या के समाधान के लिए विचार विमर्श किया। ग्रामीणों ने बताया कि जलघर के साथ लगता तालाब ओवरफ्लो हो चुका है। जिसकी वजह से जलघर व तालाब के बीच बनाई गई दीवार गिर गई और तालाब व जलघर के पानी का स्तर समान हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जलघर में रखी मोटरों के नीचे भी पानी भरा हुआ है। कभी भी करंट लगने से बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या कोई नहीं है बल्कि पिछले दस साल से है लेकिन ग्रामीणों की लगातार मांग के बावजूद कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।तालाब का गंदा पानी पीने से गांव में बीमारियां फैल रही हैं।

## खबर संक्षेप



### पठानिया स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में 27 अगस्त को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी व जूनियर केजी के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी व जूनियर केजी के लिए फैंसी फीट प्रतियोगिता और सीनियर केजी कक्षा के लिए शॉट पुट व जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन मिस मोनिका के द्वारा बड़े उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विजेता खिलाड़ी घोषित किया गया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रिंसिपल तन्वी पठानिया, वाइस प्रिंसिपल प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, मुख्य अध्यापिका सुमन राठी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।



### मकड़ौली खुर्द के छात्रों जीती हैंडबॉल प्रतियोगिता

रोहतक। मकड़ौली खुर्द हाई स्कूल के छात्राओं ने जिला स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता रोहतक ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया और गुरुकुल लाढ़ौत में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। यह जानकारी शारीरिक शिक्षक सत्येंद्र मान ने दी। उन्होंने बताया कि पांचों छात्राएं आगामी राज्य सत्र की प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हो गई है। विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अध्यापक यशवीर मलिक और स्टाफ सदस्यों ने प्राथना सभा में सभी होनहार विजेता छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने ने बताया कि इस अवसर पर अपने व्याख्यान में विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### रिया ने जिला जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



रोहतक। छोटू राम स्टेडियम में हुई जूडो प्रतियोगिता में आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट स्कूल की खिलाड़ी रिया ने जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अशोक दुहन ने बताया कि इस शानदार उपलब्धि के साथ रिया का चयन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को उनकी इस सफलता पर गर्व है। उन्होंने विश्वास जताया कि रिया राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम चमकाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय से लगातार होनहार विद्यार्थी शिक्षा व खेल जगत में जिला के साथ साथ विद्यालय का नाम ऊंचा कर रहे हैं। विद्यालय में पहुंचने पर स्कूल शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन, सचिव संतोष मलिक, प्राचार्य अनु राणा आदि मौजूद रहे।


## जिला स्तरीय विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं

# सर छोटू राम स्टेडियम में जिला स्तरीय कुश्ती में पहलवानों का दमदार प्रदर्शन

जिला सहायक शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन के साथ अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर छोटू राम स्टेडियम में जिला स्तरीय स्कूली लड़कों की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज ने बताया कि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में अपने कौशल का परिचय दिया। इस अवसर पर जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन के साथ अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यही सफलता की असली कुंजी है। संजय मलिक ने बताया कि प्रतियोगिताएं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोहतक जिले के खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। साथ ही, उन्होंने सभी अधिकारियों, खेल कन्वीनर, इंचार्ज और ऑफ़िशियल्स का विशेष सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।



रोहतक। कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### अंडर-19 आयु वर्ग (फ्रीस्टाइल इवेंट) के परिणाम

57 किलोग्राम भार वर्ग : राहुल प्रथम, सचिन द्वितीय।
61 किलोग्राम भार वर्ग : राहुल प्रथम, राहुल द्वितीय।
65 किलोग्राम भार वर्ग : इशांत प्रथम, हर्ष द्वितीय।
70 किलोग्राम भार वर्ग : आशीष प्रथम, जीतेश द्वितीय।
74 किलोग्राम भार वर्ग : अखिल प्रथम।
79 किलोग्राम भार वर्ग : कपिल प्रथम, विकास द्वितीय।
86 किलोग्राम भार वर्ग : अजय कुमार प्रथम, हैप्पी द्वितीय।
92 किलोग्राम भार वर्ग : जतिन प्रथम, विशाल द्वितीय।
97 किलोग्राम भार वर्ग : रंजीत प्रथम।
125 किलोग्राम भार वर्ग : अरमान प्रथम, आदित्य द्वितीय।

### बारिश से गिरा मकान बाल बाल बचा परिवार

महम। कस्बा महम के वार्ड दस में बारिश की वजह से एक मकान की छत गिर गई। गनीमत रही कि उस समय छत के नीचे परिवार का कोइ सदस्य मौजूद नहीं था। महम नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 10 के परस वाला मोहल्ला में राजीव पुत्र घासी राम का परिवार गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है। मंगलवार को हुई तेज बारिश से राजीव के मकान की छत गिर गई। जिस वजह से कमरे में रखा घर का सामान भी मलबे में दब गया। सरकार से आर्थिक मदद की मांग की है।



### आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई क्लब गतिविधिया

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्लब गतिविधियां आयोजित की गईं। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन रचनात्मक पलों का भरपूर आनंद उठाया। स्कूल प्रवक्ता ने बताया कि इन सभी क्लब गतिविधियों ने विद्यार्थियों के भीतर टीमवर्क, रचनात्मक सोच, और सीखने के प्रति उत्साह को बढ़ाया। सभी विद्यार्थियों के लिए यह दिन यादगार रहा।



### द मॉडर्न स्कूल में संपूर्ण हुआ शपथ समारोह

रोहतक। मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सभी बच्चों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान चार हाउस के मध्य किया गया। अग्नि, आकाश, पृथ्वी व सागर। सभी बच्चों ने मतदान का महत्व जाना। मतदान कैप्टन व वाइस कैप्टन के लिए संपन्न हुआ। स्कूल प्राचार्य राज यादव के नेतृत्व में बुधवार 27 अगस्त को विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। स्कूल प्राचार्य राज यादव ने समस्त बच्चों को मतदान की अहमियत की जानकारी देने के साथ ही उसके महत्त्व से उन्हें अवगत कराया। सभी बच्चों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें शपथ दिलाई। बच्चों ने शपथ लेकर कहा कि हम स्वतंत्र, निष्पक्ष व बिना भेदभाव तथा किसी भी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे। विजेता बच्चों के नाम इस प्रकार है। अग्नि हाउस । कैप्टन रौनक 11वीं, वाइस कैप्टन शुभम 10वी, सागर हाउस कैप्टन देवेन 11वी, वॉइस कैप्टन सागर 10वी, पृथ्वी हाउस कैप्टन चांदवी 11वी, बाइस कैप्टन निकिता 10वी, आकाश हाउस कैप्टन हार्दिक 11वी, वाइस कैप्टन दीपांशु 10वी रहे।

# एमएस सरस्वती स्कूल ने राज्यस्तर पर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा गौकर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने जिला स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो, जिमनास्टिक्स (कलाबाजी), शतरंज प्रतियोगिता में अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के समर्थन से जीत हासिल की। कक्षा 12वीं (कला संकाय) से सांची, तान्या, रोहन, अखिल कुमार, यश कक्षा बारहवीं (विज्ञान संकाय) अंडर-19, शुभम कक्षा नौवीं अंडर-17, कक्षा आठवीं से अंशिका अंडर-14, एवं जिमनास्टिक में कक्षा आठवीं की दीपिका वहीं पर चेस खेल प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से तन्वी छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक हिमांक मित्तल एवं प्रधानाचार्या रितु ने छात्रों की जीत पर बधाई दी और वहीं पर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हमें विश्वास है वे अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर जिला स्तर पर ही नहीं राज्य स्तर पर भी अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।



TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ANM 2 YEARS
GNM 3 YEARS
JBT 2 YEARS
ADMISSION OPEN
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON SKILL CENTRE For Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT
HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT
Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course (नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



### सरकारी स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** इनरव्हील क्लब ने सरकारी स्कूल, गांधी कैम्प ( गर्ल्स) में सेव वाटर एक सामाजिक जिम्मेवारी के तहत प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें 9 वी कक्षा से लेकर 12 वीं कक्षा की स्टूडेंट्स ने अपनी खूबसूरत कला का प्रदर्शन किया। हर कक्षा से तीन छात्राओ को इनाम दिया गया। इस अवसर पर प्रोफसर सोनिया मलिक ने पानी की बचत किस प्रकार से करे और उसे प्रदूषित होने से कैसे बचाये, उन्हें विस्तार से बताया। 7 पुरस्कार वितरण डॉ अंजू आहूजा , प्रेसिडेंट डॉ कमलेश मालिक द्वारा किया गया। मौके पर अंजू जैन ,डॉ किरण व नीलम उपस्थित रहे।

### अंबेडकर चौक पर लगाया रक्तदान शिविर

**रोहतक।** राष्ट्र देवो भवः मिशन द्वारा अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक संत बावा सूखा शाह ने बताया कि आज का रक्त दान शिविर पुजे गुरुदेव महंत बाबा प्रेम दास महाराज के पावन आशीर्वाद से आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. रवि रंगा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पंकज कपूर समाजसेवी रहे। मौके पर रेड क्रॉस सचिव शाम सुन्दर, सुभाष गोगिया समाजसेवी, श्वेता समाज सेविका, चिराग गोम्बर, सरदार मनप्रीत सिंह मौजूद रहे।

### सांपला: विजेताओं को किया सम्मानित

**सांपला।** शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में लोगों मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रोशन लाल रोहिल्ला ने की। इस प्रतियोगिता में शीतल खत्री, एमकॉम अंतिम वर्ष ने प्रथम स्थान, करुणा ने द्वितीय और कीर्ति एमकॉम अंतिम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वाणिज्य विभाग की सुमन, प्रीति, प्रतिभा और अंकिता ने कार्यक्रम का सफल संचालन करवाया।

### मत्स्य पालन को बढ़ावा दें अधिकारी करें: डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता बुधवार को ने मत्स्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला में नए तालाब खुदवाने, खारे पानी के तालाबों में मत्स्य पालन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अधिकारी को निर्देश दिए कि वे मत्स्य पालन करने वाले किसानों को पानी की गुणवत्ता की जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

## शहरभर में दर्जनों स्थानों पर लगे पंडाल, निकालीं आकर्षक झांकियां

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ घर-घर विराजे गजानन, ढोल की थाप पर झूमे भक्त

*बुधवार को गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा की धूम देखने को मिली। गणेश स्थापना के साथ ही 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरूआत हो गई। शहर में सुबह से ही उत्सव का माहौल था। गली-गली में ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे थे।*

- श्री गजानन युवा सेवा समिति के पंडाल में विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री गजानन युवा सेवा समिति की तरफ से 9वें विशाल श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गणेश चतुर्थी पर मंडल की ओर से बाबा मूल संत मंदिर बहिस्तीपुरा, आर्यनगर में बुधवार को श्रीगणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना पंडित लक्ष्मण शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर करवाई । महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगा। जिसमें हर रोज सुबह 8 बजे व रात्रि 8 बजे श्री गणेश पूजन व आरती होगी। बुधवार सुबह प्रभुतानंद मंदिर जगदीश कालोनी से बड़े उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम महामंडलेश्वर महाराज कर्णपुरी एवं महंत मदन लाल के पावन सान्निध्य में हुआ। नगर परिक्रमा के बाद गणेश पूजन के साथ श्री गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया के जयघोष गूंज रहे थे। मौके पर महामंडलेश्वर महाराज कर्णपुरी, महंत मदन लाल, संजय(निहाल), मुकेश गुप्ता, वीरेंद्र जग्गा, संजय आहूजा, हरिओम मित्तल, डाक्टर संजीव मदान, श्रीभगवान गुप्ता, रेखा, सुमन श्रद्धालु मौजूद रहे।





**रोहतक।** सतनाम सिंह गिरोत्रा अपनी पौत्री अमरजीत कौर गिरोत्रा संग घर में 11 वीं बार गणेश विराजमान करते हुए।

### मानसरोवर कॉलोनी में विराजे गजानंद



रोहतक। लगातार पिछले 6 वर्षों से रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन मानसरोवर कॉलोनी द्वारा कॉलोनी में स्थित पार्क में सातवां गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है। संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कॉलोनी वासियों जिनमें महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में थी ने विघ्नहर्ता गणपति महाराज को कलश यात्रा के साथ कॉलोनी की परिक्रमा करवा कर चौधरी बक्सा राम मेमोरियल पार्क के पंडाल में विराजमान किया। संगठन के प्रधान धर्मेंद्र गुगनानी ने बताया कि 27 अगस्त से 2 सितंबर तक गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह शाम पंडाल में गणपति महाराज के आगे आरती होगी।

### डीएलएफ रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन ने निकाली कलश यात्रा



डीएलएफ रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 11वे विशाल गणेश महोत्सव पर कलश यात्रा निकाली। डेरा बाबा बालक पुरी धाम से महामंडलेश्वर बाबा करणपुरी महाराज के सानिध्य में एवं पूर्व मंत्री के पुत्र हिमांशु ग्रोवर की उपस्थिति में लेबर चौक डीएलएफ कॉलोनी होते हुए डीएलएफ पार्क के प्रांगण में कलश एवं मूर्ति स्थापना की गई। 41 सुहागिनों द्वारा कलश उठाए गए। यजमान सतपाल धनकड़ एवं उनकी पत्नी के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान मयूर मुदगिल, मोंटू बुद्धिराजा, आदेश बुद्धिराजा, भारत गिरधर , जय सहगल, अजय उप्पल, मोहित हंस, विक्की हंस, जतिन मलिक, हेमंत कालरा, अभिमन्यु पासवान आदि मौजूद रहे।

### वैदिक सेवा ट्रस्ट ने निकाली कलश यात्रा

वैदिक सेवा ट्रस्ट द्वारा 11वां गणपति महोत्सव कलश यात्रा व गणपति स्थापना के साथ कम्युनिटी सेंटर डबल पार्क मॉडल टाऊन में शुरू हुआ। ट्रस्ट संस्थापक आचार्य धर्मबीर प्रसाद वेदपाठी एवं वीणा दीदी की अगुआई में शोभा यात्रा व कलश यात्रा कैलाश आश्रम से शुरू होकर मॉडल टाऊन की प्रमुख गलियों से होती हुई कम्युनिटी सेंटर डबल पार्क मॉडल टाऊन में समाप्त हुई।

### जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के वरिष्ठ वर्ग में मनाया गणेश जन्मोत्सव



रोहतक। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के वरिष्ठ वर्ग में भगवान गणेश के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने यथा संस्कार विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति को स्कूल के प्रांगण में पंडाल में स्थापित किया। ढोल ताशों एवं रंग अबीर उड़ाते हुए बच्चे गणपति बप्पा कक्षा स्वागत करते हुए नजर आए। विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने बताया कि इस दिन भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ था, जो बुद्धि, समृद्धि, शुभ भाग्य के देवता है। वहीं इस त्योहार को मनाना शुभता का प्रतीक माना जाता है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने सभी बच्चों में प्रसाद वितरित करते हुए उन्हें गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाइयां दी। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी समस्त भारत में अलग-अलग तरीकों से मनाए जाने वाला एक अद्भुत त्यौहार है जो आपसी तालमेल एवं सद्भाव दर्शाता है।

### समर्पण यूथ क्लब ने मनाया गणेश उत्सव

**रोहतक।** समर्पण यूथ क्लब द्वारा 11वां वार्षिक गणेश महोत्सव हुडा काम्प्लैक्स मे बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 501 महिलाओं ने कलश उठाया। कलश यात्रा रिलायंस फ्रैश से शुरू होकर हुडा काम्प्लैक्स की परिक्रमा करते हुए पंडाल तक पहुंची। इस बीच डीजे व ढोल नगाड़ों पर महिलाओं ने नाचते गाते बाबा का गुणगान किया। कलश यात्रा का शुभारंभ उपाचार्य महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी व महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी ने किया। गणेश उत्सव के दौरान गणपति की पूजा (स्थापना ) रविन्द्र गर्ग (बोबी ) एवं सुशील जैन लोहिया ने परिवार के साथ पण्डित जयप्रकाश द्वारा पूजा अर्चना के साथ की। इस मौके पर बोबी, अजेश, सुरेश बंसल, प्रमोद गुप्ता, मनोज मिन्टा, नरेश गुप्ता, श्रवण सैनी, टीटू, मनोज, श्रीकृष्ण, अभिषेक, अंकुश, वैभव, विनय गोयल, प्रतीक, काव्यांश, देवांश सहित समर्पण यूथ क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### उमड़ी आस्था, दिखा उत्साह



**रोहतक।** माता दरवाजा से गणपति गणेश की कलश यात्रा को झंडा दिखाकर शुभारंभ करते उपा आचार्य महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी व महंत थानेश्वर दास।

### 1100 कलश के साथ विराजे बप्पा



**रोहतक।** कलश यात्रा निकालते भक्तजन। *फोटो: हरिभूमि*

**रोहतक।** श्री 78 संघ परिवार एवं दुर्गा भवन मंदिर के सहयोग से 17 वां गणेश महोत्सव का पहला दिन बड़ी धूमधाम से बनाया गया। 1100 कलश के साथ गणपति जी को पंडाल में विराजमान किया गया। इसके पश्चात नितिन वर्मा द्वारा बाबा की आरती कर भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को पंडाल में बाबा की आरती की गई। जिसमें भक्तों ने बाबा की आरती कर श्री गणेश भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। उस पश्चात पंडाल में वैशाली राज ग्रुप दिल्ली द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ पंडाल में पहुंची। परिवार के सभी सदस्यों ने बताया आने वाले 10 दिन तक पंडाल में सभी धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### विश्व मैत्री मिशन महिला मंडल का 15वां गणेश उत्सव



**रोहतक।** जनता कॉलोनी में स्थित संत लाल सेवा सदन नजदीक भजनपुरा में महिलाओं ने गाजे बाजे व साधु संतों के सानिध्य में कलश यात्रा निकाल कर मनाया। कलश यात्रा में 245 महिलाओं ने भाग लिया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कलश यात्रा के सानिध्य महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, मुख्य अतिथि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, सुभाष चंद गुप्ता, प्रधान मंजू गर्ग ने पहले गणेश की पंडित के द्वारा पूजा अर्चना करवाई और मूर्ति का श्रृंगार कर फूलों का हार पहनाया। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कलश यात्रा को झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। संस्था के प्रधान एवं सदस्यों ने सभी अतिथियों को फूलों की माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल संतोश शर्मा, मीनाक्षी, मीनाक्षी मित्तल, गीता गोयल, स्वीता गुप्ता, निधि गर्ग, समिति की महिलाएं उपस्थित थीं।



### एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में गणेश उत्सव एवं इन्वेस्टीचर सेरेमनी हर्षोल्लास से मनाया

रोहतक।एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में गणेश उत्सव एवं इंवेस्टीचर सेरेमनी बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान श्रीगणेश की स्तुति कर पूरे भक्ति भाव से गणेश उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इन्वेस्टीचर सेरेमनी में विद्यालय के हेड बॉय के रूप में विनय .तथा हेड गर्ल के रूप में रितु का चयन किया गया। साथ ही चारों सदनों से नए हाउस लीडर्स का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रेसिडेंट सत्यदेव सिगरोहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नव-निर्वाचित छात्र नेताओं एवं पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को प्रबल बनाएगी। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव से दायित्वों का निर्वहन करें।

## श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में द्वितीय गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर "द्वितीय गणेश महोत्सव" का शुभारंभ हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। यह आयोजन 2 सितंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में गणपति की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के साथ की गई। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि, विवेक एवं समृद्धि का दाता माना जाता है।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में गणेश महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.एल. वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार।

विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि गणेश महोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। डॉ. विनोद कुमार ने छात्रों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लें। पूरे आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और पुष्पों से सजाया गया था। महोत्सव का समापन 2 सितम्बर को सायं 3:30 बजे गणपति विसर्जन और विशाल शोभायात्रा के साथ होगा, जिसमें भक्तजन पारंपरिक संगीत के साथ बप्पा को विदा करेंगे।

## समाचार के सामाजिक, राजनीतिक पहलू से अवगत होना जरूरी: परवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यशाला को सम्बोधित करते पूर्व संपादक परवीन के मोदी।

अच्छा रिपोर्टर बनने के लिए पर्यवेक्षण एवं समालोचनात्मक दृष्टि, विश्लेषण क्षमता तथा प्रभावी संप्रेषण कला विकसित करना जरूरी है। किसी भी समाचार के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक पहलू से भी अवगत होना जरूरी है। ये उद्गार प्रतिष्ठित मीडियाकर्मी, पूर्व संपादक परवीन के मोदी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आयोजित मीडिया स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला में व्यक्त किए। विद्यार्थियों से भविष्योन्मुखी करियर रोडमैप साझा करते हुए परवीन मोदी ने कहा कि अच्छा पत्रकार थिंकिंग पर्सन होता है। विद्यार्थियों को अध्ययनशील बनकर, सामान्य ज्ञान को बेहतर बनाकर अपने करियर का रास्ता प्रशस्त करना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि विद्यार्थी यदि अनुशासित रहकर, लक्ष्य निर्धारण के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। विभाग में मीडिया विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया जाएगा।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## कलानौर ब्लाक में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संगीत और संस्कृति का जीवंत उत्सव दिखा

**मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल रहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संगीत और संस्कृति का जीवंत उत्सव देखा गया। नोडल अधिकारी देवेंद्र कटारिया के नेतृत्व में और बीआरपी अरविंद विकास तथा प्रवक्ता डॉ. अलका मदान के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में कलानौर ब्लॉक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन से किया



**रोहतक।** खंड स्तरीय कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार। *फोटो: हरिभूमि*

गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, स्वर संगीत, वाद्य संगीत, 2डी और 3डी दृश्य कला सहित विभिन्न 12 गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों के उत्साह, ऊर्जा तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कला उत्सव में बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया, जिससे सौहार्द और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला। फॉक डांस तथा क्लासिकल डांस, थिएटर, वोकल म्यूजिक तथा इंस्ट्रूमेंट्ल म्यूजिक की बेहतरीन प्रस्तुति के साथ विज़ुअल आर्ट्स के अंतर्गत बनाई गई कलाकृतियों को उपस्थित सभी दर्शकों ने बेहद पसंद किया। निर्णायक मंडल की भूमिका ब्लॉक के श्रेष्ठ शिक्षकों ने निभाई जिनमें दर्शना, मधुबाला, कविता, प्रिंसी, सीमा, अंजु, प्रियव्रत, ओमप्रभा, चंदा, इंदु, सिंपल चोपड़ा, गायत्री आदि प्रमुख रहे। ज़िला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर मंच संचालन तथा आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने में डॉ. रितू तथा दर्शना ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य देवेन्द्र कटारिया ने मुख्य अतिथि, उपस्थित प्राचार्यगण, सुमन लता, शम्मी, सविता, मीना आहुजा, गीता, सुनीता, आयोजक टीम का आभार जताया। सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को भी बधाई दी।

## उपायुक्त ने लघु सचिवालय में की बैठक

# नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए तैयार करें कार्य योजना



**रोहतक।** लघु सचिवालय में जिला में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने स्वच्छता अभियान को लेकर अलग-अलग क्षेत्र में तैनात किए गए अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि नोडल अधिकारियों के समक्ष जो-जो समस्याएं आ रही है उनके समाधान के तुरंत कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्य योजना भी तैयार करें।

### यह रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी वाईवीआर शशि शेखर, विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, सचिव आरटीए विरेंद्र सिंह ढुल, चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महा प्रबंधक विपिन कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल एवं अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।